दिनांक 07.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान ने संचार क्रांति योजना के अन्तर्गत मोबाईल वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया
चौथे दिन तक कुल 9408 पंजीकृत हितग्राहियों को मोबाईल का वितरण किया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा लगातार तीसरे दिन निगम क्षेत्र के सभी जोन क्षेत्र में संचार क्रांति योजना के अन्तर्गत आयोजित ई–पावती शिविर एवं निःशुल्क मोबाईल वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। शिविर के माध्यम से मोबाईल प्राप्त हितग्राहियों से चर्चा करते हुए मोबाईल की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में पात्र दिव्यांग हितग्राहियों के लिए पृथक से व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश उपस्थित अधिकारी को दिए निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा शिविर में पहुँचे दिव्यांग पात्र हितग्राही के पास स्वयं पहुँच कर स्मार्ट फोन दिया गया।

चौथे दिन निगम जोन क्रमांक **01**– नेहरू नगर 400 नग, जोन क्रमांक **–02** वैशाली नगर 320, जोन क्रमांक **–03** मदर टेरेसा नगर 413, जोन क्रमांक **04**– शिवाजी नगर 222, जोन क्रमांक **05**– 384 एवं जोन क्रमांक–**06** – 304 कुल 2043 निशुल्क मोबाइल फोन का वितरण पात्र हितग्राहियों को वितरित किया गया। अब तक कुल 9408 मोबाईल का वितरण किया गया है।

शासन के संचार क्रांति योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के पंजीकृत हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्टफोन वितरण किए जाने हेतु सभी 06 जोन कार्यालय में मोबाइल वितरण हेतु 8 केंद्र बनाए गए हैं साथ ही निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में ई –पावती प्रदाय किए जाने हेतु शिविर का आयोजन चल रहा है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत 4 अगस्त से 25 अगस्त तक निर्धारित शिविर स्थल पर ई–पावती प्राप्त हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया जावेगा ऐसे हितग्राही जो ई–पावती प्राप्त नहीं किए हैं वह अपने अपने वार्ड मे लग रहे शिविर में ई–पावती प्राप्त कर सकते हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी